RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष


वर्ष : 36 | अंक : 240
हिसार | मंगलवार, 28 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए |पृष्ठ ६

## धार्मिक स्थलों पर यूपी सरकार का एक्शन, उतरवाए गए अवैध रूप से लगे लाउडस्पीकर

**पाठकपक्ष न्यूज, नई दिल्ली, 28 नवम्बर :** उत्तर प्रदेश में राज्य पुलिस ने धार्मिक स्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकरों के खिलाफ एक महीने का अभियान शुरू किया है, जिसमें डेसिबल स्तर और वैधता की जांच की जा रही है। पहले दिन 3,238 अवैध लाउडस्पीकर हटाए गए और 7,288 लाउडस्पीकरों का डेसिबल स्तर कम किया गया। अवैध रूप से लगाए गए लाउडस्पीकरों के खिलाफ पिछले अदालती फैसलों के बाद इस अभियान का आदेश दिया गया है। अकेले आगरा में 187 लाउडस्पीकर हटा दिए गए और 79 लाउडस्पीकरों का डेसीबल स्तर कम कर दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में, कानपुर पुलिस ने 26 नवंबर को शुरू हुए एक अभियान में 300 लाउडस्पीकरों को हटा दिया, जो निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन कर रहे थे।




## खुदाई का काम पूरा, जल्द बाहर निकलेंगे मजदूर



**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 28 नवम्बर :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित सिलक्यारा टनल में 17 दिनों से फंसे मजदूर अब बाहर आने वाले है। रेस्क्यू से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि खुदाई का काम पूरा हो गया है। एनडीआरएफ की टीम पाइप के जरिए मजदूरों के पास जा रही है। एनडीआरएफ की टीम पाइप के जरिए एक एक कर मजदूरों को पाइप के जरिए बाहर निकालेगी। टनल के बाहर हलचल बढ़ गई है, गेट पर सभी एंबेलेंस को तैनात करना शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि टनल के अंदर इमरजेंसी अस्पताल तैयार किया गया है। मजदूरों को सुरंग से बाहर निकालने के बाद सीधा अस्पताल ले जाया जाएगा। टनल के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर भी भेजे गए हैं। टनल के बाहर मजदूरों के लिए एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। रस्सी और सीढ़ी सुरंग में ले जाई जा रही है। किसी भी वक्त मजदूर टनल के बाहर आ सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा, बाबा बौख नाग जी की असीम कृपा, करोड़ों देशवासियों की प्रार्थना एवं रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे सभी बचाव दलों के अथक परिश्रम के फलस्वरूप श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए टनल में पाइप डालने का कार्य पूरा हो चुका है। शीघ्र ही सभी श्रमिक भाइयों को बाहर निकाल लिया जाएगा।

## साफ – सफाई में जुटे कर्मचारी





**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 28 नवम्बर :** राष्ट्रीय गुणवत्ता स्तर जांचने वाली टीम तीन दिन के लिए हिसार आ रही है। इस कारण सभी सरकारी व अर्ध सरकारी कार्यालय व प्रतिष्ठान साफ-सफाई में जुट गए हैं। यह दृश्य सिविल अस्पताल का है।

# हरियाणा राज्य सरकार द्वारा नगर पालिका में स्थानांतरित किए गए ग्राम चौकीदारों के लिए सुविधाओं में वृद्धि

**पाठकपक्ष न्यूज**
**पंचकूला, 28 नवम्बर :** हरियाणा सरकार ने ग्रामीण चौकीदारों जिनकी सेवाओं को संबंधित गांवों को नगर पालिका सीमा में शामिल करने के बाद नगरपालिकाओं में स्थानांतरित किया गया है, के लिए सुविधाओं की घोषणा की है आयुक्त एवं सचिव, सरकार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा राज्य के सभी जिला नगर आयुक्त, सभी नगर निगम आयुक्त और नगर परिषदों के समस्त कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव एवं हरियाणा राज्य में नगर पालिका लिखे पत्र अनुसार-

**मानदेय वृद्धिः** ग्राम चौकीदारों का मासिक मानदेय 7,000 रुपये से बढ़ाकर 11,000 रुपये कर दिया जाएगा, जो 1 अक्टूबर, 2023 से लागू होगा। नगरपालिकाएं सरकार के हिस्से के ईपीएफ को 12 प्रतिशत + 1 प्रतिशत जीएसटी के हिसाब से देंगी।

**वर्दी भत्ताः** वर्दी भत्ता 2,500 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रति वर्ष कर दिया जाएगा। लाठी, सीटी, बैटरी और छाता के लिए भत्ते समान रूप से 1,000 रुपये प्रति वर्ष के स्तर पर रहेंगे।

**एकमुश्त वित्तीय सहायताः** सेवानिवृत्ति के बाद, ग्राम चौकीदारों को 2 लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता मिलेगी।

**दयालु -II योजना कवरेज :** ग्राम चौकीदार हरियाणा सरकार की 'दयालु -II' योजना के तहत कवर किए जाएंगे, जिसमें मृत्यु या स्थायी विकलांगता के मामले में विशेष छूट प्रदान की जाती है।

**आयुष्मान कार्ड लाभः** ग्राम चौकीदार आय के आधार पर दो श्रेणियों में 'आयुष्मान कार्ड' लाभों के लिए पात्र होंगे।

**समय पर मानदेय भुगतान :** लंबित मानदेय अगले 10 कार्य दिवसों के भीतर भुगतान किया जाएगा। नगरपालिकाएं सुनिश्चित करेंगी कि मानदेय हर महीने 7 तारीख से पहले भुगतान किया जाता है।

**ऑनलाइन उपस्थिति मॉनिटरिंग प्रणाली :** नगरपालिकाएं समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एक ऑनलाइन उपस्थिति मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित करेंगी। नई प्रणाली दिसंबर 2023 के महीने के लिए लागू की जाएगी, जिसमें उपस्थिति को निर्दिष्ट स्थानों जैसे वार्ड कार्यालयों या सामुदायिक केंद्रों में चिह्नित किया जाएगा।

**अनुपालन की समय सीमा :** सभी नगर पालिकाओं को ऑनलाइन उपस्थिति मॉनिटरिंग प्रणाली लागू करनी होगी और उपस्थिति मार्किंग साइटों को 30 नवंबर, 2023 तक निर्दिष्ट करना होगा।

## हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 30 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते ईएसआई देसराज को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

### न्यायालय में शिकायतकर्ता के भाई के पक्ष में रिपोर्ट प्रस्तुत करने की एवज में की थी रिश्वत की मांग

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 28 नवम्बर :** भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत आज हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा पंचकूला जिला के सेक्टर-20 पुलिस थाना क्षेत्र में कार्यरत ईएसआई देशराज को 30000 रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई और उसे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की। आरोपी ईएसआई देशराज द्वारा पंचकूला के सेक्टर -20 थाने में दर्ज एफआईआर को लेकर न्यायालय में शिकायतकर्ता के भाई के पक्ष में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 50000 रूपए की रिश्वत की मांग की गई थी जिसमें से 20000 रूपए के रिश्वत शिकायतकर्ता द्वारा 23 नवंबर को ही दी जा चुकी थी। इसके बाद ईएसआई देशराज द्वारा 30000 रूपए की रिश्वत की और मांग की गई जिसे लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए निष्पक्ष रूप से की गई। इस मामले में आरोपी के खिलाफ पंचकूला के एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी की गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए मामले की जांच की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल की बर्ख़ास्तगी को दी मंजूरी

### जींद के उचाना के सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने किया था छात्राओं से दुर्व्यवहार

**पाठकपक्ष न्यूज**
**पंचकूला, 28 नवम्बर :** जींद जिला के उचाना मंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार की घटना के मामले में हरियाणा सरकार ने निलंबित चल रहे आरोपी प्रिंसिपल करतार सिंह को बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज प्रिंसिपल के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई को मंजूरी दी। हरियाणा सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 311 (बी) के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए यह कार्रवाई की है। प्रवक्ता ने बताया कि एसडीओ (सी) उचाना द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कई छात्राओं ने प्रिंसिपल के खिलाफ दुर्व्यवहार के बयान दिए हैं, जिसके बाद मामले की गंभीरता और प्रिंसिपल के खिलाफ आरोपों को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि पुलिस द्वारा मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और संबंधित स्कूल में महिला प्रिंसिपल को नियुक्त कर दिया गया है तथा 16 नये स्टाफ की भी नियुक्ति की गई है।

## पंचकूला में किसानों का धरना खत्म

**पाठकपक्ष न्यूज**
**पंचकूला, 28 नवम्बर :** हरियाणा राज्यपाल से मुलाकात के बाद किसान नेता रतन मान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हम धरना खत्म करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिसार में 11 दिसंबर को बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। अगर मांगें नहीं मानी गई तो आने वाले समय में पिछले समय से बड़ा आंदोलन होगा। लोकसभा चुनाव से पहले हमें अपनी मांगें मनवानी हैं। आंदोलन करने वाले किसानों को नोटिस दिया जा रहा है। पंचकूला में किसानों के महापड़ाव का आज तीसरा दिन है। पंचकूला में किसानों के महापड़ाव को देखते हुए चंडीगढ़ सीमा पर भारी संख्या में पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही वाटर कैनन, आंसू गैस और दंगा विरोधी टीम की विशेष तैनाती की गई है।

## मादक द्रव्यों की तलाश में पुलिस का नार्कोटिक्स विभाग



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 28 नवम्बर :** हिसार हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय श्री ओ.पी सिंह, आईपीएस के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनिल यादव के दिशा निर्देश पर समुचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ कार्यावाही करते हुए हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो हिसार के उप पुलिस अधीक्षक श्री राज सिह एचपीएस के दिशा निर्देश पर युनिट हिसार के ईन्चार्ज इन्सपेक्टर कर्मबीर सिंह की टीम ने माईकल डॉग के साथ हिसार के कोशिक नगर, नजदीक महात्मा गांधी हस्पताल तोशाम रोड हिसार, नवदीप कालोनी, आजाद नगर, ढाणी शामलाल हिसार, पुरानी सब्जीमन्डी, सैनियाण महोल्ला में नशा खोरों को पकड़ने के लिए शिकायत के सम्बंध मे घरों की नियमानुसार तलाशी की गई और नशा मे संलिप्त लोगों को नशा ना बेचने की चेतावनी दी गई। स्नीपर डाँग माईकल से नशा खोरों के घरों की तलाशी ली गई। ईन्चार्ज इन्सपेक्टर कर्मबीर सिंह ने बतलाया कि हिसार के कोशिक नगर, नजदीक महात्मा गांधी हस्पताल तोशाम रोड हिसार, नवदीप कालोनी, आजाद नगर, ढाणी शामलाल हिसार, पुरानी सब्जीमन्डी सैनियाण महोल्ला मे नशा के खिलाफ आ रही शिकायतों को मद्देनजर रखते हुए हरियाणा स्टेट नारकोटिक कन्ट्रोल ब्यूरो युनिट हिसार ने नशा तस्करों की नकेल कसने के लिए आँपरेशन किया गया। जिला हिसार मे काफी समय से नशे के बेचने की शिकायत आ रही थी, जिस सम्बंध में जिला हिसार में कई जगह पर हरियाणा स्टेट नारकोटिक कन्ट्रोल ब्यूरो युनिट हिसार के स्नीपर डाँग माईकल के साथ युनिट हिसार की टीम ने नशा तस्करों के घरों में दस्तक दी व मौजूद लोगों को हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री न. 90508-91508 पर सूचना देने बारे जागरुक किया गया व बतलाया गया कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा नायब सैनी ने की शिष्टाचार भेंट



**-पाठकपक्ष न्यूज-** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल दौरे से पहले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस में रुकने के दौरान शिष्टाचार मुलाकात करते हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ, महामंत्री मोहनलाल बडौली, हरियाणा विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता।









## सम्पादकीय..........

# चीन में फैली रहस्यमयी बीमारी से हमें रहना होगा सतर्क

कोरोना महामारी की दहशत से दुनिया बाहर आ चुकी है। इस बीच चीन में फैली रहस्यमयी बीमारी ने फिर सभी को आशंकित कर दिया है। कोरोना की शुरुआत चीन से ही हुई थी। इसलिए विश्व जगत में इस नई बीमारी को लेकर चिंता बनी हुई है। भारत का केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी अलर्ट मोड पर आ गया है। उसने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कोविड-19 जैसी गाइडलाइन की पालना करवाने को कहा है। साथ ही कहा है कि बीमारी को लेकर दहशत में आने की जरूरत नहीं है। हां, ऐसी बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक सावधानी का ध्यान जरूर रखें। सर्दी के मौसम में निमोनिया या सांस से जुड़ी दूसरी बीमारियां होने की आशंका हमेशा ही बनी रहती है। जिस तरह से प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे भी ऐसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ये बीमारियां लाइलाज नहीं हैं, लेकिन कोई भी बीमारी यदि तेजी से फैलती है, तो चिकित्सा का ढांचा चरमरा जाता है और मरीजों के सामान्य उपचार में भी मुश्किल आती है। इसलिए सबसे पहले तो इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि लोग सतर्क रहें और गाइडलाइन का सख्ती से पालन करें। समारोह या सभा के बहाने भीड़ जुटाने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचना होगा। साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए मास्क को फिर से महत्त्व देना होगा। सावधानी के बावजूद बीमारी की चपेट में आने पर समुचित उपचार करवाने पर ध्यान देना होगा। इसलिए बीमार हो जाने पर नीम हकीमी उपचार करने की बजाय डॉक्टर से संपर्क करना ही बेहतर होगा। चीन में जिस तरह के हालात पैदा हुए हैं, उससे सबक लेते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को चिकित्सा का ढांचा चुस्त-दुरुस्त करने पर ध्यान देना होगा। सभी इस बात की प्रार्थना करेंगे कि यह बीमारी भारत तक न पहुंचे, लेकिन बीमारियां किसी सीमा को नहीं मानतीं। इसलिए इससे निपटने के एहतियाती उपाय पहले ही करने होंगे। आवश्यक दवाइयों और वेंटिलेटर की उपलब्धता बनाए रखनी होगी। साथ ही सरकारी और निजी अस्पतालों में अस्थायी बेड की व्यवस्था पर भी ध्यान देना होगा। यह बीमारी बच्चों को ही ज्यादा प्रभावित कर रही है। इसलिए बच्चों के अस्पतालों की व्यवस्था ठीक करने पर खास ध्यान देना आवश्यक है। इस तरह के संकट में ऐसे लोग भी सक्रिय हो जाते हैं, जिनके लिए पैसा ही भगवान होता है। ऐसे मानवताद्रोही तत्वों की गतिविधियों पर भी नजर रखना जरूरी है। चीन सही सूचनाएं नहीं देता, इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को लगातार चीन पर निगाह रखनी होगी और उसे इस बात के लिए बाध्य करना होगा कि वह बीमारी से जुड़ी सभी सूचनाएं समय पर उपलब्ध करवाए।

# क्या आपको पता है कि कोई भी जगह तीर्थ स्थान कैसे बनती है ?

**अध्यात्म**

सभी धर्मों में तीर्थयात्रा का बड़ा महत्व बताया गया है। यहां तक कहा गया है कि तीर्थस्थलों पर जाने मात्र से व्यक्ति के पाप धुल जाते हैं। शायद यही वजह है कि जितने भी तीर्थस्थल हैं, वहां भीड़ लगी रहती है। तमाम घटना-दुर्घटनाओं के बाद भी जाना कम नहीं होता है। सबसे आश्चर्य तो यह है कि कभी हमने इसके आशय को समझने की कोशिश नहीं की, जबकि यह जरूरी है। किसी भी भूमि पर जाने मात्र से अगर पाप धुल जाएं, तब तो संसार में कोई पापी रहे ही नहीं। उनके लिए तीर्थयात्रा पाप मिटाने का एक आसान उपाय हो जाएगा। लेकिन ऐसा होता नहीं।

तीर्थ यात्रा की महिमा का इतना बखान हुआ है, इसके कुछ और कारण हैं। दरअसल तीर्थभूमि वह बनती है जहां किसी न किसी ऋषि-मुनि ने विशेष साधना की हो। पर्वत, चोटियां, जंगल, गुफाओं, उद्यान, नदियों के किनारे बैठकर जप-तप किया हो। वहां आत्मज्ञान प्राप्त किया हो या निर्वाण को उपलब्ध हुए हों। ऐसी अनेक कहानियां प्रचलित हैं कि आत्मस्थ ऋषि-मुनियों के शरीर पर पेड़ उग आए। यह भी सुनने को मिला है कि उनकी तपस्या भंग करने के लिए अनेक व्यूह रचे गए या फिर देवताओं ने खुश होकर आकाश से फूल बरसाए। यही स्थान जनसाधारण के लिए तीर्थ बन जाता है, जहां जाने से सहज ही उन महान, पवित्र आत्माओं का स्मरण हो आता है। उनकी दी गई शिक्षाओं से बेहतर प्रेरणा जागती है। दूसरे, तीर्थभूमियां लगभग उन्हीं स्थानों पर होती हैं, जो प्राकृतिक सौंदर्य से भरे-पूरे होते हैं। इन्हीं स्थानों पर तीर्थभूमियों का विकास होता है।

जगजाहिर है कि प्राकृतिक-सौंदर्य से भरपूर स्थानों पर अद्भुत आनंद मिलता है। पर्यटन उसी का एक विकसित रूप है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, वैष्णो देवी, वैशाली, राजगीर, बोधगया, श्रवण बेलगोला, सम्मेद शिखर, पटना साहिब ऐसे स्थान हैं जहां मन को शांति इसलिए मिलती है कि वे तप-साधना की भूमि हैं। प्रकृति वहां खुलकर अपना रूप दिखाती है और जीवन का अर्थ समझाती है। लोग वहां बार-बार जाना और समय व्यतीत करना चाहते हैं। इसी प्रकृति का एक मजबूत हिस्सा हैं नदियां। काशी, हरिद्वार, ऋषिकेश, प्रयागराज, गंगा सागर के तटों पर लोग स्नान करने धार्मिक भाव के साथ जाते हैं। शास्त्रों में यह मान्यता है कि बाहर की पवित्र जलधाराओं में स्नान करके तन हल्का होता है और भीतर की जलधाराओं में स्नान करके मन हल्का हो जाता है। इसी दृष्टि से तीर्थ महिमा का वर्णन किया गया है। किंतु इसका अर्थ यह कभी नहीं है कि वहां जाने मात्र से पाप धुल जाते हैं।

हर व्यक्ति को अपने कर्मफल भोगने ही होते हैं। यही कर्मफल आज पूरा मनुष्य समुदाय भुगत रहा है। प्रकृति और नदियों के साथ मनुष्य ने जो छल किया, उससे सृष्टि के संतुलन को आघात लगा है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि, कहीं भूकंप तो कहीं जंगलों में आग, कहीं भूख तो कहीं बीमारी। जिन तपस्वियों ने जंगल और नदियों को जीवनदायी साबित किया था, हमने उसे मौत का कुआं बना दिया। हमने अपने विश्वास को आधुनिकता की ऐसी नई परिभाषा में बांधा कि प्रकृति के साथ हमारे रिश्ते ही बदल गए। जो प्रकृति हमें संरक्षण देती थी उसे हम गुलाम बनाने पर तुल गए। उसके साथ हमारा साहचर्य शोषण में बदल गया। आज भी समय गया नहीं है। अगर सचमुच पाप को धोना है तो हम अपने दृष्टिकोण को बदलें। उसे संवेदनशील बनाएं। इससे बड़ा पुण्य और कुछ नहीं है।

## सुण मौल्लड़ की

सत्ता के संघर्ष में नेता देश की समस्याओं को भूले।



वो वायदा ही क्या जो वफा हो जाए!

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** पड़ोसियों के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। लेखन के कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। उत्तम खान-पान का आनंद लेंगे।
**वृषभ :** मन संवेदनशील बना रहेगा। क्रय-विक्रय के कार्य से जुड़े लोगों को लाभ होगा। भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे।
**मिथुन :** बेवजह आलोचना का शिकार हो सकते हैं। शत्रुओं से सावधानी बरतें। कोई आपके खिलाफ झूठी अफवाह फैला सकता है। लक्ष्मी माता की पूजा करें।
**कर्क :** धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। उपहार प्राप्त हो सकता है। यात्रा से लाभ होगा।
**सिंह :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा को तरक्की की संभावना। रोजगार के इच्छित अवसर मिलेंगे।
**कन्या :** धार्मिक आयोजन होने की संभावना। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
**तुला :** शरीर में थकावट व आलस्य बना रहेगा। मन में कई प्रकार के विचार उत्पन्न होंगे। धर्म के प्रति आस्था में कमी आएगी। भगवान शिव जी की पूजा करें।
**वृश्चिक :** आय के नए स्त्रोत बढ़ेंगे। यात्रा से लाभ होगा। कारोबार में विस्तार संभव है।
**धनु :** किसी भी प्रकार के विवाद से बचें। मन में बुरे विचार न आने दें। वितीय मामलों में सावधानी बरतें। गाय माता की सेवा करें।
**मकर :** किसी प्रियजन से मुलाकात होगी। बच्चों के लिए दिन शुभ रहेगा। मन में उत्साह बना रहेगा।
**कुंभ :** मन तनावग्रस्त रहेगा। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करें। जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।
**मीन :** कार्यों में आ रहे अवरोध समाप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। छोटे भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# खुशी-खुशी अपना काम करने की बजाय हर दम काम का रोना रोते रहना भी एक बीमारी है

-पाठकपक्ष डेस्क-

मनुष्य अपने जीवन में काम किये बगैर रह नहीं सकता और मनुष्य यह भी जानता है कि सच्ची खुशी तो अपना काम भली भांति करके ही मिल सकती है क्योंकि मजबूरी नहीं, खुशी से किया गया काम ही फलदाई होता है। काम करते समय हमारे भाव कैसे है, स्नेह और सहयोग के भाव से कर रहे हैं या डर के भाव से काम कर रहे हैं, स्नेह और सहयोग का भाव होगा तो वह सेवा बन जाती है,काम में मज़ा आता है, इसके विपरीत डर के भाव से या फिर मजबूरी के भाव से करते हैं तो मन में आनंद की बजाय इस तरह का चिंतन चलता रहता है कि सारा काम मैं ही करुं, और तो कोई कुछ करता ही नहीं, सोचों, इतने भारी मन से किया गया कार्य कितना तो कुशल और कितना तो उत्पादकीय होगा! उसमें खुशी कहां से आएगी। ऐसा काम तो लाचारी बन जाता है। पर ऐसे भी लोग होते हैं, जिन्हें अपने काम करने की ही खुमारी चढ़ी रहती है और उन्हें बीमारी भी काम करने से रोक नहीं पाती।जब हमें अपने काम में खुशी मिलती है और उसकी मस्ती रहती है तो कोई चाहे भी तो हमारी इस खुमारी को, मस्ती को कम नहीं कर सकता, ज़माना लाख हमारे खुशी के गुब्बारे मे पिन चुभोना चाहे,पर वह ऊंचे ते ऊंचा उड़ता ही रहता है। फ़िराक़ साहब उर्दू के बड़े शायर और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी के प्रोफेसर थे। एक बार फिराक साहब कई दिनों बाद क्लास में आए और बोले, 'फिराक बीमार था, इसलिए युनिवर्सिटी नहीं आ सका' वह ठहरे शायर, महीन बुद्धि के मालिक और संवेदनशील, विधार्थियों से भी थर्ड पर्सन में बात करते थे। तभी एक विधार्थी बोल उठा, 'फिराक खुद एक बीमारी है, सर!' सब छात्र खामोश और फिराक साहब हैरतजदा हो गये। पहले तो फ़िराक़ साहब ने उस लड़के को



गौर से देखा, फिर उसके पास जाकर बोले, 'बर्खुरदार, कहां से आएं हो?' घबराए हुए उस लड़के ने जवाब दिया, 'सर अलीगढ़ से' इस पर फ़िराक़ साहब बोले, 'ओहो, तभी इतनी अच्छी उर्दू जानते हो' और फिर उसकी पीठ थपथपाई और अपना लेक्चर शुरू कर दिया। उस लड़के ने बाद में अपने सहपाठियों को बताया कि उर्दू में फिराक का मतलब जुदाई या दूरी भी होता है पर 'इश्क में फ़िराक़ (जुदाई, दूरी) खुद बीमारी ही है।' उसने इस लहजे से कहा था, और उसके टीचर का यह बड़प्पन था कि उन्होंने उसमें भी मेरी उर्दू जबान पर पकड़ को देखा।

-डॉ. कमलेश कली

## कर्म का मर्म

# बच्चे को मिला ईमानदारी का पुरस्कार

सिंगापुर के एक बड़े मकान में सिसिल ब्राउन नामक अंग्रेज डॉक्टर अकेले रहते थे। उन्होंने कई पशु-पक्षी भी पाल रखे थे। वे उनसे बच्चों की तरह प्यार करते थे। उनके पड़ोस में ही चौदह साल का मिग नाम का एक गरीब बच्चा अकेला रहता था। वह डॉक्टर ब्राउन के कपड़े धोता और प्रेस करता था। उसी दौरान अंग्रेजों और जापानियों में युद्ध छिड़ गया। युद्ध के दौरान मिग घायल हो गया तो वह डॉक्टर ब्राउन के पास आया। डॉक्टर ने उसकी मरहम पट्टी की और दवा दी। साथ ही डाक्टर ने मिग को अपने कुछ कपड़े भी दिए कि धोकर प्रेस करके दे जाना। दो दिन बाद ही सिंगापुर पर जापानियों का कब्जा हो गया। अन्य लोगों के साथ मिग को भी जेल में बंद कर दिया गया। जापानी सेना ने डॉक्टर ब्राउन को भी कैद करके जेल में डाल दिया। तीन साल बाद सिंगापुर आजाद हुआ। सभी कैदियों को छोड़ दिया गया। डॉक्टर ब्राउन और मिग भी जेल से छूटकर अपने-अपने घर लौट आए। मिग ने घर पहुंचकर सबसे पहले डॉक्टर ब्राउन के कपड़े ढूंढकर धोए और उन्हें सुखाकर प्रेस किया। कपडों को लेकर वह डॉक्टर ब्राउन के घर पहुंचा और कपड़े देते हुए बोला, 'सर, इस बार बहुत देर हो गई। मैं क्षमा चाहता हूं। मुझे जापानियों ने बंदी बनाकर जेल में डाल दिया था। आपको याद है न, तीन साल पहले आपने ये कपड़े मुझे धोने के लिए दिए थे।' मिग की ईमानदारी और काम के प्रति समर्पण देखकर डॉक्टर की आंखें नम हो गईं। वह बोले, 'मेरे बच्चे मैं भी कल ही जेल से छूटकर आया हूं। तुम्हारी ईमानदारी देखकर मैं अपना सारा दर्द भूल गया। मिग, अब तुम अनाथ नहीं हो। तुम मेरे साथ ही रहोगे और कपड़े नहीं धोओगे। कल से तुम स्कूल जाना। यही तुम्हारी ईमानदारी का पुरस्कार है।' मिग की आंखें डबडबा गईं।



# नारी नारायणी फाउंडेशन की सदस्यों ने गुरु पर्व पर गुरुद्वारे में जाकर सभी के मंगल के लिए की अरदास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** नारी नारायणी फाउंडेशन के सदस्यों ने गुरु पर्व के उत्सव पर गुरुद्वारे में जाकर गुरु दर्शन का लाभ उठाया व सभी के मंगल के लिए अरदास की। इस अवसर पर संस्थापिका पूनम नागपाल ने बताया कि सिख गुरुओं का जीवन उनकी शहादतों के लिए जाना जाता है। उनकी जगत कल्याण के लिए की गई कुर्बानियां अनंत तक सभी का मार्गदर्शन करती रहेगी। इस अवसर पर नीलम कक्कड़, बबली, सरिता जैन, उर्मिला तरीका, गीतू बांगा, निशा भयाना, मिताली गोयल, मोनिका वर्मा, ज्योति आदि अनेक महिलाएं उपस्थित रही। प्रधान गुंजन गोयल ने सभी को गुरु पर्व की बधाई दी।

# सलेमगढ़ की बेटी आशा ने जूडो सब जूनियर हरियाणा चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मैडल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** गांव सलेमगढ़ की बेटी आशा पुत्री जयप्रकाश ने रविवार को कैथल में हुई जूडो सब जूनियर हरियाणा चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल किया। मानवी कुश्ती एवं जूडो एकेडमी की खिलाड़ी आशा ने 44 किलोग्राम भार वर्ग में यह पदक हासिल किया। अकेडमी में पहुंचने पर कोच मुकेश सिवाच, कोच गुरदीप पहलवान ने जोरदार स्वागत किया व आशा की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। इसके साथ ही सरपंच रामपाल फौजी, राजवीर सांगा व राहुल ठोलिया आदि ने भी आशा को बधाई देते हुए उसके उज्जल भविष्य की कामना की।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा निःशुल्क मैडिकल कैम्प व सिलाई प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय इकाई गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला द्वारा स्थानीय कैमरी रोड पर स्थित आश्रम में निःशुल्क मैडिकल कैम्प व सिलाई प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन किया। गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी डॉ महिपाल मुंजाल ने बताया कि निःशुल्क विशाल मैडिकल कैम्प व सिलाई प्रशिक्षण कैम्प का शुभारंभ सुबह 10 बजे परिवाजक आरसी मिश्रा द्वारा हवन यज्ञ करवा कर किया। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रणवीर गंगवा के सुपुत्र संजीव गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जबकि डॉ महेंद्र जुनेजा नगर पार्षद,डीएन गुप्ता समाजसेवी व रवि महता प्रधान पीएलए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर संजीव गंगवा ने कहा कि समाज सेवा ही परम धर्म है समाज की सेवा से ही पुण्य लाभ मिलता है, समय-समय पर गायत्री परिवार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। फ्री मैडिकल कैम्प में नगर वरिष्ठ डॉक्टर डॉ रेखा पंवार सेवानिवृत्त एसएमओ, डॉ रजनी मुंजाल बीएएमएस, डॉ वेद नरूला सेवानिवृत्त डीएओ, डॉ कर्ण सिंह एएमओ, डॉ विजय सारस्वत आयुर्वेद चिकित्सक अपनी सेवाएं दी। फ्री मैडिकल कैम्प में 125 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। समिति द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे मेहमानों को स्मृति चिंह भेंट किया व आए श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस मौके पर डॉ महिपाल मुंजाल के अलावा, सुदर्शन बंसल, राजेंद्र गुप्ता सुनील कटारिया, कैलाश गर्ग, डॉ यशपाल मुंजाल, डॉ विजय सारस्वत, पंडित नरेंद्र शर्मा, धर्मवीर चहल, धर्मवीर माटा, डॉ संजय मुंजाल, मदनलाल बूटी, मनोज शर्मा, मनीष बब्बर, गुरबख्श खुराना, महेंद्र ठकराल, सुभाष मुखीजा, अमर लाल कुकरेजा, अशोक जैन, लवली अरोड़ा, भोलानाथ अरोड़ा, डॉ गौरव मुंजाल, अशोक गुप्ता, डॉ करण सिंह, गणेश कत्याल, निर्मला देवी, डॉ वेद नरूला, लालचंद महता, परमेश्वरी देवी, कांता महता, दर्शन बंसल के अलावा सभी सदस्य मौजूद रहे।

# भारती विद्या मंदिर स्कूल प्रमाण- पत्र वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** भारती विद्या मंदिर स्कूल में मंगलवार को सर्वश्रेष्ठ छात्र व छात्राओं का चयन करके प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डायरेक्टर के. के.शर्मा और प्रधानाचार्या श्रीमती निष्ठा शर्मा ने पहली से आठवीं कक्षा तक बच्चों को बेस्ट ऑल राउंडर इन द क्लास, बेस्ट डिसिप्लिन इन द क्लास, बेस्ट कन्वर्सेशन इन द क्लास एंड परफेक्ट यूनिफॉर्म से संबंधित प्रमाण पत्र और बैचज दिए। प्रधानाचार्या निष्ठा शर्मा ने डिसिप्लिन और कन्वर्सेशन के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रमाण पत्र और बैचेज मिलने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्या निष्ठा शर्मा ने कार्यक्रम का समापन किया।

DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
शुगर • मोटापा • बी.पी. • कॉलस्ट्रोल • जोड़ों का दर्द • स्त्री रोग • चमड़ी रोग
पाचन रोग • पुरूषत्व रोग • सांस की एलर्जी • नशे की आदत • लीवर व किडनी रोग • हृदय रोग • एड्स
थाईराईड • घुटनों का दर्द • नसों की ब्लोकेज • बवासीर • न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रह्मास्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road, Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# अणुव्रत समिति ने राष्ट्रीय स्तर पर पाया प्रथम स्थान

## समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल को मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** अणुव्रत के प्रचार प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देने पर अणुव्रत समिति हिसार को देश भर में राष्ट्रीय स्तर पर पहले स्थान पर चयनित करते हुए सम्मानित किया गया है। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में मुंबई में आयोजित 74वें राष्ट्रीय अणुव्रत अधिवेशन में अणुव्रत समिति हिसार के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश नाहर व उपाध्यक्ष प्रताप दुगड, महासचिव भीखण सुराना, न्यासी तेजकरण सुराना ने यह अवार्ड व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रवण जी के सानिध्य में आयोजित इस समारोह में देश भर से अणुव्रत समिति पदाधिकारियों ने शिरकत की थी। समिति अध्यक्ष




राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य तपोमूर्ति मुनिवर पृथ्वीराज जी के पावन सानिध्य में अणुव्रत समिति की हिसार टीम का है सभी के मेहनत ने समिति को प्रथम स्थान पर लाने में अपना योगदान दिया है। समारोह के दौरान अणुव्रत समिति हिसार के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने देश भर से आए अणुव्रत समिति पदाधिकारियों के समक्ष हिसार की उपलब्धियों व कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2021 में भी अणुव्रत समिति ने राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि अणुव्रत समिति हिसार की ओर से अणुव्रत के 11 नियमों के आधार पर कई मानव कल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। जिसके तहत नशा मुक्ति, अहिंसा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बच्चों में नकल जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, बच्चों में नैतिकता व संयम, प्लस पोलियो अभियान तथा प्लास्टिक की रोकथाम सहित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्कूलों में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह भी आयोजित किया गया था, जिसमें अणुव्रत के नियमों पर चलने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अणुव्रत नियमों की जानकारी दी गई। राजेंद्र अग्रवाल ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी अणुव्रत समिति हिसार की टीम इसी तरह उल्लेखनीय कार्य करते हुए अगले राष्ट्रीय सम्मेलन में टॉप कर हिसार का नाम रोशन करेगी। उन्होंने इस उपलब्धि में सहयोग के लिए सभी शहरवासियों और मीडिया का आभार जताया।

# अपने सांसदों, विधायकों व मंत्रियों पर एक पैंशन योजना लागू करे भाजपा : मनोज राठी

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी उठाए इस संबंध में कदम

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 28 नवम्बर :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने हरियाणा सरकार एवं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से मांग की है कि वे अपनी पार्टी से जुड़े सांसदों, विधायकों, मंत्रियों व पूर्व मंत्रियों पर एक पैंशन का नियम लागू करवाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश का मुखिया व विधायक दल का नेता होने के नाते अपनी पार्टी से यह शुरूआत करनी चाहिए। मनोज राठी मुख्यमंत्री के उस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, जिसमें उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत करते हुए कहा था कि 40 हजार वरिष्ठ नागरिकों ने स्वेच्छा से पैंशन छोड़ी है और उस पैसे का सरकार ने सदुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश की जनता, खासकर वरिष्ठ नागरिक लगभग तीन हजार रुपये मासिक पैंशन छोड़ सकते हैं तो हमारे देश, प्रदेश के नेता ऐसा करने से क्यों हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने एक पैंशन सिस्टम लागू करके सरकारी खजाने के करोड़ों रुपये बचाए हैं तो देश के लगभग सभी राज्यों में सत्ता में होने का दावा करने वाली भाजपा एक पैंशन योजना से पीछे क्यों हट रही है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का दावा करने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी को समय रहते अपनी पार्टी में एक पैंशन योजना लागू करनी चाहिए, अन्यथा चुनावों में जनता उनसे जवाब मांगेगी। मनोज राठी ने कहा कि ऐसा ही फैसला कांग्रेस को भी लागू करना चाहिए लेकिन सबसे पहले ये लागू करना भाजपा के लिए जरूरी है क्योंकि मुख्यमंत्री के समक्ष ऐसे आंकड़े आए हैं कि प्रदेश के 40 हजार वरिष्ठ नागरिकों ने पैंशन छोड़ी है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश के बड़े बुजुर्ग बड़ा दिल रखते हुए देश व प्रदेश हित में सम्मान भत्ता छोड़ सकते हैं तो भाजपा बताएं कि वह सांसदों व विधायकों पर अनाप-अनाप खर्च हो रहे करोड़ों रुपये क्यों कि रोक सकती। उन्होंने कहा कि केवल मात्र आम आदमी पार्टी ने एक पैंशन लागू करके ऐसा उदाहरण पेश किया और उन्हें नहीं लगता कि इस मामले में भाजपा व कांग्रेस ऐसा कदम उठा पाएगी।

# 'श्याम धणी के दर पे जबसे लाई है अरदास मनै, सांवरा किस्मत बदलेगा ये पक्का है विश्वास मनै'

## श्री श्याम शरणम समिति के प्रथम श्री श्याम वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** श्री श्याम शरणम समिति द्वारा प्रथम भव्य एवं विशाल श्री श्याम वंदना महोत्सव का हिसार के पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में आयोजन किया गया। समिति प्रधान सुभाष गोयल ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ सायं 4:15 बजे हुआ जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार उमा लहरी जयपुर, शिल्पी कौशिक मुरादाबार, विशाल मित्तल हिसार से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया और व अपने मधुर भजनों से बाबा को रिझाया। भजन गायकों ने 'काली कमली वाला मेरा श्याम है', 'बोलो-बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय', 'मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, करते हो तुम श्याम मेरा नाम हो रहा है', 'श्याम धणी के दर पे जबसे लाई है अरदास मनै, सांवरा किस्मत बदलेगा ये पक्का है विश्वास मनै'ख 'हम तो हैं श्याम प्रेमी हमें श्याम रंग चढ़ा है, किस बात की फिकर है जब सांवरा खड़ा है।' आदि भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या से श्याम भक्तों ने पहुंचकर श्री श्याम बाबा के भजनों का आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक गर्ग झज्जर वाले, गौतम सरदाना, नगर निगम महापौर, तरुण जैन, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा व रमेश लोहिया, कोषाध्यक्ष कटला रामलीला उपस्थित हुए जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान सुभाष गोयल, शिव कुमार कंसल सचिव, राकेश गुप्ता कैशियर, कुलदीप ग्रोवर प्रेस सचिव, आशीष बंसल सह कैशियर, राजेश बंसल सह सचिव तथा कार्यकारिणी सदस्यों राहुल बंसल, विकास जैन, तुषार सिंगल, सुमित मोदी, प्रशांत बंसल, बजरंग सिंगल, गिरिश गर्ग, अक्षय जैन, मोहित गोयल, विकास जैन, मोहित अग्रवाल, नित्या, शुभम, तुषार सिंगल आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ की बैठक, लिए अहम फैसले, बनाई रणनीति

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 28 नवम्बर :** हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बीएमएस कार्यालय हिसार में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कृष्णा सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक उपरांत प्रेस को जानकारी देते हुए संघ के प्रांत सचिव रमेश कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार लंबे समय से कर्मचारियों की लंबित मांगों की अनदेखी करती आ रही है इसे लेकर कर्मचारियों में काफी रोष है बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 2 और 3 दिसंबर को हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े हुए सभी संबंधित संगठनों की एक बड़ी बैठक बुलाई गई है उसमें आंदोलन की घोषणा की जाएगी। बैठक में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सहकारिता क्षेत्र के प्रभारी हनुमान गोदारा ने कहा कि हरियाणा सरकार सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों की मांगों का भी समाधान नहीं कर रही इसे लेकर कल 28 नवंबर 2023 को मुख्यमंत्री आवास करनाल पर प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें प्रदेश की सभी शुगर मिलों तथा सहकारी संस्थाओं के कर्मचारी भाग लेंगे असंगठित क्षेत्र में कार्य मिड डे मिल कर्मियों की मांगों को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई तथा आगामी 11 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह, जिला मंत्री श्री सुनील ढिल्लों, अखिल भारतीय सुमित विद्युत संविदा मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिनेश वशिष्ठ, मीडिया प्रभारी श्री हर्षवर्धन जोशी , हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह, प्रचार सचिव हरिराम जांगड़ा, मिड डे मील कर्मचारी संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती माया देवी राजेंद्र सिंह हरिराम जांगड़ा, पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर आर्गेनाइजेशन के प्रदेश महामंत्री श्री जगदीश प्रसाद महेंद्रगढ़ उपस्थित रहे।

# भजनों की वर्षा के बीच हुआ प्रभात फेरी का समापन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** कार्तिक माह के पावन आगमन पर श्री सनातन धर्म सेवा समिति पटेल नगर द्वारा चलाई गई प्रभात फेरी का भव्य नगर कीर्तन से समापन हुआ। नगर कीर्तन में भजन सम्राट सुदर्शन मुखीजा व भजन मंडली द्वारा गाए सुंदर भजनों 'आसरा इस जहान का मिले ना मिले मुझे तेरा सहारा सदा चाहिये' 'मेरे दुख की घड़ी में वो बड़े काम आते हैं जब कोई नहीं आता मेरे राम आते हैं' तेरा नाम जपन दा वेला उठ के तू नाम जपले', 'देना हो तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ', 'मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है', 'तेरी मुरली दी मीठी-मीठी कूक माहिया मैनू याद आवंदा' मेरे दुख की घड़ी में वो मेरे काम आते हैं जब कोई नहीं आता



तो मेरे राम आते हैं', 'मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है', 'तेरा नाम जपन दा वेला उठ के तू नाम जप ले', 'हमारे दो ही रिश्तेदार एक हमारे बांके बिहारी एक राधे रानी सरकार', 'देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ, मेरे सर पर रख दो कान्हा अपने दोनों हाथ', 'तेरी मुरली दी मिट्ठी-मिट्ठी कूक माहिया मैनू याद आंवदा' आदि की गूंज पटेल नगर, 8 मरला कालोनी, संजय नगर, मनोहर कालोनी, पी.एल.ए. गांधी नगर की गलियों में रही। यह नगर कीर्तन प्रातः 5:30 बजे श्री राम मंदिर पटेल नगर से राम नाम का भजन कीर्तन करते हुए पूरे नगर में घूमते हुए वापिस 10:30 बजे पंचायती धर्मशाला पटेल नगर मार्केट में पहुंचा जहां राधाकृष्ण के मधुर सत्संग से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। भगवान की आरती के उपरांत सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री सनातन धर्म सेवा समिति जो 1965 से हर वर्ष कार्तिक माह, पूरे माह प्रभात फेरी का आयोजन करती आ रही है। समिति सदस्य कार्तिक माह में प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे श्री राम मंदिर पटेल नगर से एकत्रित होकर राम नाम का कीर्तन करते हुए पूरे नगर में घूमते हैं और घरों में सत्संग करते हैं। इस सत्संगों में जो भी पैसा आता है व दीन दुखियों लाचारों व जरूरतमंदों की सेवा में लगाया जाता है। समिति सदस्य इस मे निःसेवार्थ भावना से सेवा देते हैं। इस मौके पर भजन सम्राट सुदर्शन मुखीजा के अलावा अश्विनी मुखीजा, वीरेंद्र रहेजा, विजय भोला, भूषण कालड़ा, रमेश मधु, हरीश मधु, ललित ग्रोवर, दर्शन अरोड़ा, सुशील चुघ व अनिल सहगल ने गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 'बोले सो निहाल सत् श्री अकाल' के जयकारों से गूंजी आठ मरला कालोनी की गलियां...

## श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन का आयोजन...

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** प्रबंधक कमेटी बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा 8 मरला कालोनी पटेल नगर द्वारा श्री गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश गुरु पर्व पर गुरुघर से जुड़ी साध-संगतों द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन प्रातःकाल 5:30 बजे गुरुद्वारा साहिब से चलकर पटेल नगर की गलियों में शब्द-कीर्तन करते हुए निकली। उपस्थित संगतों में गुरु की महिमा की विस्तार से व्याख्या करते हुए गुरुघर की बीबीयों ने सत्संग में फरमाया कि 'सुणी अरदासि सुआमी मेरे, सरब कला बणा आई, प्रगट भई सगले जुग अंतरि गुरु नानक की वडियाई' अर्थात हम धन्य भाग हैं मालिक वाहेगुरु के जिन्होंने हमारी प्रार्थना स्वीकार कर अपनी कृपा की। इसके अलावा संगतों ने सुंदर शब्दों 'डंडोत वंदना अनक बार सरब कला समरथ', 'नानक नाम ध्यालो जी प्रभात फेरी आई', 'ऊंचा दर बाबे नानक दा', 'तकया मैं बाबर दे दरबार इक मस्ताना जोगी', 'उचयां अपार बेअंत स्वामी कौण जाने गुण तेरे', 'पंजा विच पहाड़ी




लाया, पत्थर नू मोम बनाया सी' सहित अनेक शब्द गाते हुए वापिस गुरुद्वारा के प्रांगण में पहुंचे जहां गुरु की अरदास के उपरांत जलपान वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूल मालाओं, दूध, चाय, खीर, फल व बिस्कुट आदि से नगर कीर्तन का स्वागत किया। नगर कीर्तन में कमेटी प्रधान हरमिन्द्र सिंह सूबेदार, भूपेन्द्र पाहवा, सतविन्द्र सिंह,अजय पाहवा, कुलदीप सिंह, लखपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह गिल, गौरव सिंह गिरधर, स्वर्ण सिंह, हरपाल सिंह, सौरभ सिंह गिरधर, बलविंदर सिंह, अविराज जुनेजा, कार्तिक गांधी, इंद्र जीत सिंह, अभिषेक सिंह, हर्षित पाहवा, समर पाहवा, राहुल, सूजल, चिराग, चन्द्रभान गांधी, खुशपाल सचदेवा,अजय खन्ना, गोपाल दास गांधी, गोपाल दास मनचंदा, जगजीत कौर, स्वाति पाहवा, प्रिया महत्ता, हरजिंदर कौर, इन्दु गिरधर, शारदा देवी, अमरजीत कौर, प्रवीण महत्ता, तरूण, सुरजीत कौर, आशा पाहवा, नम्रता कौर, सुरेश रानी, जसवंत कौर, जितेंद्र कौर, राज रानी, शील कौर, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।


# सत्संग हमेशा सकारात्मक ऊर्जा देता है साथ ही हमारा यश भी बढ़ाता है : कृष्णानंद महाराज

## स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम में 108 फीट ऊंची समाधि पर गुम्बद व कलश की स्थापना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** सत्संग हमेशा सकारात्मक ऊर्जा तो देता ही है। साथ ही हमारा यश भी बढ़ाता है। इसलिए धार्मिक स्थलों और तीर्थों को ऊर्जा का केन्द्र माना जाता है। कहा जाता है कि जो ऊर्जा इन जगहों पर रहती है, वह और कहीं नहीं पाई जाती। यही कारण है कि इन स्थानों पर जाकर मनुष्य का मन शांत और ऊर्जावान हो जाता है। इन स्थानों पर जाने वाला व्यक्ति हमेशा ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा होता है। इसलिए हमें सतसंग की घड़ी को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उक्त उद्गार निकटवर्ती गांव खरड़-अलीपुर में स्थित स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम खरड़-अलीपुर में सतगुरु बंदी छोड़ हरिहरानंद जी महाराज के समाधि स्थल पर श्री श्री कृष्णानंद महाराज जी ने उपस्थित





श्रद्धालुओं के बीच व्यक्त किए। इस अवसर पर श्री श्री कृष्णानंद महाराज ने आश्रम 108 फुट ऊंची समाधि पर गुंबद व कलश भी स्थापित किया गया। सत्संग से पूर्व विद्वान ब्राह्मणों ने आश्रम में आश्रम से जुड़े सेवादारों व संतो के बीच हवन यज्ञ किया गया। इसके आलावा स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि जरूरतमंदो की सेवा कार्यों से उत्तम जीवन मूल्यों की स्थापना होती है। हमें मानवता को भूलना नहीं चाहिए। मानव समाज में, जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना है। इस कारण प्रत्येक परिस्थिति में जरूरतमंदो की यथा सम्भव रुचि और सामर्थ्य के अनुसार सेवा करनी चाहिए। इस के आलावा महाराज ने श्रद्धालुओं को सच्चाई के मार्ग पर चलने की बात कही। इस मौके पर जितेंद्रानंद महाराज, अमृतानंद महाराज, स्वामी सूर्यानंद, संजय ब्रह्मचारी, गोपालानंद महाराज, सदानंद महाराज, रामानंद महाराज, धर्मानंद महाराज, ईश्वरदास, समुंद्र दास, सुजाता साध्वी, चंद्रदेव शामा, गोपाल दास, दिव्यानंद, बिजेंद्र नाथ, धर्मपाल सिहाग, प्रवक्ता बलराज, रणधीर सिंह सिहाग, हंसराज व प्रताप सिंह सहरावत आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जेसीडी मेमोरियल कॉलेज ने हरियाणवी लोक गायकी में मनवाया अपना लोहा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 28 नवम्बर :** हरियाणा राज्य के युवा कल्याण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा आयोजित 30वें जिला स्तरीय युवा उत्सव में जेसीडी मेमोरियल कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल ड्ुकिया। इस युवा महोत्सव में स्कूल, आईटीआई व कॉलेज , पोलिटेकनिक की 50 एकल व ग्रुप टीमों ने हरियाणवी संस्कृति लोकगीतों से हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं में भाग लिया। जिसमें डॉ. अनिल शर्मा के नेतृत्व में जेसीडी मेमोरियल कॉलेज के म्यूज़िक विभाग की टीम ने हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग और हरियाणवी सोलो रागणी में प्रथम स्थान हासिल किया और अपने मधुर गायन द्वारा श्रोताओं को भी मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान श्री मलकीत सिंह भी टीम के साथ मौजूद रहे। विद्यार्थियों और प्राचार्या डॉ. शिखा गोयल को बधाई देते हुए जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक और अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने कहा कि जेसीडी



मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थी हाल ही में यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में भी विजेता बनकर उभरे हैं और उसके बाद आते ही दो और पुरस्कार अपने नाम करना इनकी अपनी कला के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. ढींडसा ने कहा कि म्यूज़िक के साथ-साथ जेसीडी विद्यापीठ में अब पढ़ाई और खेलों के विशेषज्ञ भी मौजूद हैं जिसका विद्यार्थियों को भरपूर फायदा मिल रहा है।सांस्कृतिक गतिविधियां सामाजिक एकजुटता और एकजुटता पैदा करती हैं, सामाजिक समावेशन, सामुदायिक सशक्तिकरण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देती हैं, और आत्मविश्वास, नागरिक गौरव और सहिष्णुता को बढ़ाती हैं।

# सिख गुरुओं का बलिदान सर्वोपरि : डिप्टी स्पीकर

## गुरु नानक जयंती पर गुरुद्वारा सिंह सभा में कार्यक्रम आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** गुरु नानक जयंती पर सोमवार को गुरुद्वारा सिंह सभा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, बड़ी संख्या में सिख व विभिन्न समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारे में मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डिप्टी स्पीकर ने गुरु नानक देव जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया। गुरु नानक देव जी द्वारा दी गई शिक्षाओं का वर्तमान में भी विशेष महत्व है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि इन शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें। सिख गुरूओं का अपना एक गौरवशाली इतिहास है। ये साधना का पर्व है। लोक कल्याण और जनसेवा ही धर्म है। सिख गुरुओं का बलिदान सर्वोपरि है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि आज न केवल सिख समुदाय व अन्य धर्मो के लोग भी एक साथ इकट्ठा होकर गुरु नानक देव जी को याद करते है। गुरु नानक देव जी ने हमेशा जात-पात का विरोध करते हुए हमेशा एक साथ मिलकर चलने का संदेश दिया था। उन्होंने अपने समय में लंगर की शुरुआत की थी, जिसका मकसद था छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब सब एक साथ बैठकर भोजन प्राप्त कर सकें ताकि किसी के मन में किसी भी व्यक्ति के लिए भेदभाव न रहे। गुरुघर प्रबंधक समिति द्वारा डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा को सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## प्रकाशोत्सव पर एडीजीपी ने गुरुद्वारे सिंह सभा में की अरदास

# गुरु नानक देव के आदर्शों पर चलकर अपना जीवन उपयोगी व खुशहाल बना सकते हैं : एडीजीपी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** श्री श्रीकांत जाधव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, हिसार मंडल हिसार में गत दिवस प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा सिंह सभा नागोरी गेट हिसार में पहुंचे। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाया व अरदास की। इस अवसर पर अपने संदेश में उन्होंने कहा गुरु नानक देव जी द्वारा बतलाएं आदर्श नियमो पर चलकर ही हम अपने जीवन को उपयोगी बना सकते हैं, कहा उपयोगी जीवन वह है जो दूसरों के काम आए। उन्होंने कहा गुरुघर एक पवित्र स्थान जहां कर्मसील रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने गुरुघर मे चल रहे लंगर में प्रसाद वितरित कर अपनी सेवा दी व लंगर में श्रद्धा से बैठकर प्रसाद भी ग्रहण किया। एडीजीपी की सेवा भाव देखकर लंगर मे उनके हाथ से प्रसाद लेने वालो की लाइन लग गई। एडीजीपी करीब एक-डेढ़ घंटे गुरुद्वारे मे रहकर अपनी सेवाएं दी, उनकी सेवा भाव व सादगी आम लोगों में चर्चा का विषय बना रहा।

# आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार के लक्ष्य कुंडू ने स्थापित किया नया राष्ट्रीय कीर्तिमान, पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर रचा नया इतिहास




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** कर्नाटक पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 26वीं पुरुष और महिला राष्ट्रीय बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 22 नवंबर से 26 नवंबर बेंगलुरु में हुआ। इस प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार के कक्षा12वीं के छात्र लक्ष्य कुंडू ने गोल्ड मेडल हासिल कर देश व विद्यालय का मान बढ़ाया है और साथ में बेंगलुरु पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन में 147.5 किलोग्राम के पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर 150 किलोग्राम वजन उठाने का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। लक्ष्य कुंडू का चयन अमेरिका में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है। लक्ष्य की इस शानदार जीत पर बधाई देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर कविता जाखड़ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उसे ऐसे ही आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य का अपने खेल के प्रति जूनून ही है कि उन्होंने महज 16 वर्ष की आयु में ही इसी प्रकार के अनेक कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

# राजेश हिन्दुस्तानी ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन में लिया भाग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** 'जागो मानव बनो इंसान' संस्था के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन में भाग लिया। उन्होंने श्री गुरु नानक देव जी महाराज व डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक शाह मस्ताना जी महाराज के जन्म दिवस की सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने सभी को मानवता का सच्चा संदेश दिया और मानवता की भलाई के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। शाह मस्ताना जी महाराज ने भी इंसानियत को सर्वोपरि मानते हुए लोगों की भलाई में काम करने का संदेश दिया। वहीं राजेश हिन्दुस्तानी ने संविधान दिवस पर फूल मार्केट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व सभी को संविधान दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी को संविधान के अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने नागरिक के कर्त्तव्यों को भी याद रखते हुए देश की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए।

# मियाद 10 साल, टैक्स 15 का ले रहे : कुमारी सैलजा

## डीजल वाहनों के रजिस्ट्रेशन के नियमों में हो सुधार, वाहन कबाड़ नीति की विसंगतियां की जाएं दूर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 28 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार प्रदेश के लोगों की जेब खाली करने के लिए नई-नई जुगत भिड़ा रही है। वाहन कबाड़ नीति में डीजल वाहनों के स्क्रैप करने की मियाद 10 साल फिक्स करना सरासर गलत है। प्रदेश सरकार को एनसीआर के जिलों में डीजल वाहन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में भी संशोधन करना चाहिए, जिसमें वाहन की मियाद तो 10 साल फिक्स है, लेकिन वाहन मालिक से टैक्स 15 साल के लिए वसूला जा रहा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की वाहन कबाड़ नीति में निजी उपयोग वाले डीजल वाहनों को स्क्रैप करने की मियाद 15 साल फिक्स करनी चाहिए। इससे पहले इन वाहनों को स्क्रैप करने का फैसला पूरी तरह से जनविरोधी है। निजी डीजल वाहन का 10 साल में कुछ नहीं बिगड़ता और इसे इतने कम समय में खत्म करना लोगों पर बड़ी आर्थिक चोट साबित होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनसीआर के जिलों में निजी डीजल वाहन के प्रयोग के लिए 10 साल का समय तय है, लेकिन इसके बाद अन्य जिलों या देश के अन्य हिस्सों के लोग इन वाहनों को खरीद लेते हैं। ऐसे में वाहन मालिक को इसकी ठीकठाक कीमत भी मिल जाती है और पुराने वाहनों के शौकीन लोगों को अच्छी कंडीशन में गाड़ी भी मिल जाती है। जब 10 साल की समय सीमा में यह वाहन किसी अन्य जिले में चला ही गया है तो इसको स्क्रैप करने की समय सीमा 15 साल रखी जानी चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि एनसीआर के जिलों में रहने वाले लोगों के साथ प्रदेश सरकार का दोहरा रवैया सामने आ रहा है। इनके डीजल वाहनों का रजिस्ट्रेशन 15 साल के लिए किया जाता है। बाकायदा रोड टैक्स व अन्य भुगतान भी 15 साल के हिसाब से लिए जाते हैं, जबकि इन्हें वाहन चलाने की इजाजत सिर्फ 10 साल के लिए मिलती है। ऐसे में इन लोगों से सिर्फ 10 साल के लिए ही टैक्स व अन्य भुगतान किए जाने चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 10 साल के बाद निजी डीजल वाहन जब एनसीआर से बाहर चला जाए तो वहां पर उसे फिर से रजिस्ट्रेशन का इंतजाम किया जाना चाहिए। जिसने भी इसे खरीदा हो, पांच साल का एकमुश्त रोड टैक्स उनसे लिया जाए। इसके लिए वाहन रजिस्ट्रेशन नियमों में बदलाव की जरूरत है। यह सब मोटर व्हीकल रजिस्ट्रेशन एक्ट में संशोधन के बाद ही संभव हो पाएगा।


प्रिंटिंग के लिए संपर्क करें
स्कूल की डायरी, कलर इश्तिहार, बड़े पोस्टर, मैगजीन, न्यूज़ लेटर तथा संस्था का अखबार आदि
प्रिंट करवाने के लिए संपर्क करें :
SHYAM KUMAR
M.: 9255273410
E-Mail Id :- dailypathakpaksh@yahoo.in
कार्यालय
दैनिक पाठकपक्ष
33-S Model Town Market, Hisar



# टेलेंटिला फाउंडेशन 2 व 3 दिसंबर को आयोजित करेगा राघव इंटरनेशनल ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी व अवॉर्ड समारोह, 20 राज्यों के कलाकार लेंगे हिस्सा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर को समर्पित करते हुए टेलेंटिला फाउंडेशन द्वारा हिसार में दो दिवसीय राघव इंटरनेशनल ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी व अवॉर्ड समारोह आयोजित किया जाएगा। हिसार के सेक्टर-13 में डाबड़ा चौक पुल के नजदीक स्थित नीरज सदन के सभागार में 2 व 3 दिसंबर को आयोजित होने वाली इस पेंटिंग प्रदर्शनी में लोगों को रामायण के बहुआयामी रंग देखने को मिलेंगे। विशेष बात यह है कि इस प्रदर्शनी में 20 राज्यों के कलाकार हिस्सा लेंगे और कला प्रेमियों को 100 से अधिक रामायण पर आधारित पेंटिंग व अन्य कृतियों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। टेलेंटिला फाउंडेशन की फाउंडर डायरेक्टर प्रसिद्ध चित्रकार अनुराधा खरे व को-फाउंडर डायरेक्टर विनीत खरे ने बताया कि टेलेंटिला फाउंडेशन द्वारा हिसार में छठी बार कला प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदर्शनी प्रभु श्रीराम को समर्पित की गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह, सम्मान समारोह व समापन समारोह के लिए हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, मेयर गौतम सरदाना, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन, प्रसिद्ध खिलाड़ी एकता भ्याण, शिक्षाविद् वर्षा राणा व साहित्यकार डॉ. मनोज छाबड़ा को आमंत्रित किया गया है। अनुराधा खरे व विनीत खरे ने बताया कि भारत की लोक कला व संस्कृति को उजागर करने के लिए टेलेंटिला फाउंडेशन अब तक ऑनलाइन व ऑफलाइन 15 पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित कर चुका है। इस बार 2 व 3 दिसंबर को राघव इंटरनेशनल ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी में लोगों को अलग ही अनुभव होगा। इस प्रदर्शनी के लिए तैयारियां चल रही हैं और कला प्रेमियों को 20 राज्यों के चित्रकारों द्वारा बनाई हुई पेंटिंग व अन्य कला कृतियां एक ही स्थान पर देखने को मिलेंगी। इतना ही नहीं यहां पर विविधता में एकता के दर्शन होंगे। उन्होंने बताया कि 2 दिसंबर को प्रात- 10 बजे डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा राघव प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे और 2 दिसंबर को रात्रि 7 से 9 बजे तक जोरबा थियेटर के तत्वावधान में प्रदर्शनी स्थल पर ओशो मेडिटेशन एंड सेलिब्रेशन का भी आयोजन होगा।

# सोशल मीडिया पर नग्नता का नंगा नाच



**जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियां लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहित करती दिखाई देती है मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो। इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया कहा मैं पीछे कैसे? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है।सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं ? मेरे हिसाब से तो वो ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता?**

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

पूरा देश नग्नता के लिए फिल्मों को दोष देता है परंतु आज सोशल मीडिया (सामाजिक पटल) पर इतनी भयंकर नग्नता है कि हमारी जो भारतीय फिल्में को भी शर्म आ जाए। आज कोई भी सोशल प्लेटफार्म अछूता नहीं है फूहड़पन और नग्नता से। सोशल मीडिया के अंधे दौर में कुछ लाइक और व्यू पाने के लिए हमारे समाज की नारियों को कैसे लक्षित किया जा रहा है और उन्हें नग्नता परोसना पड़ रहा है। और वो लाइक और व्यू के आसमान में उड़ने के लिए नग्नता परोस स्वयं के मान सम्मान स्वाभिमान का सौदा आसानी से कर रही है।

कुछ चप्पल छाप यूट्यूबर्स लोग केवल व्यू पाने के लिए हमारी आस्था पर इस तरह के अश्लीलता वाले थम्बनेल लगाते हैं। किससे क्या कहें? जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियां लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहित करती दिखाई देती है, मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो।

इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया और कहा, मैं पीछे कैसे? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है।

पर ये बहुत ही गम्भीरता से सोचने का विषय है - हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। माता-पिता क्यों जानबूझ कर अनदेखा कर रहें हैं? क्यों नहीं अपने बच्चों को टाईम और संस्कार देना चाहते हैं? क्यों अपने हाथो अपने बच्चो को दलदल में धकेल रहें हैं। आजकल के माता-पिता बहुत ज्यादा मार्डन है और उन्हें नंगापन, बॉयफ्रेंड और मार्डन परिवेश बेहद आकर्षित करती है। ये आने वाली पीढ़ी और समाज के लिए घातक सिद्ध होगा। टीनएजर लड़कियों की मनःस्थिति को अपने खास मकसद के मुताबिक ढाला जा रहा है।



अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस आभासी नग्नता के अड्डे बने हुए हैं। वल्गर रील्स और वीडियोस तो अब हर घर के टीनेजरस बना ही रहे हैं। अब तो ऐसा महसूस होने लगा है कि वैश्यावृति के अड्डे भी नये विकल्पों के साथ हवस परस्त मर्दो के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं? मेरे हिसाब से तो वो ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता?

आज सामाजिक विकार अपने सफर के सफलतम पड़ाव में है। रोकथाम की कोई गुंजाइश नही है। अब तो प्रलय ही इसकी गति को रोक सकती है। सोशल मीडिया में रील्स पर नग्न और अश्लील नृत्य की नौटंकी करने वाली बेटियों से निवेदन है कि चंद काग़ज़ के टुकड़ों के लिए अपने परिवार और धर्म की इज्जत तार-तार ना करो। पैसे आपको आज नृत्य के लिए नही अपितु नग्नता परोसने के लिए दिए जा रहे है ताकि पूरे समाज को एक दिन रसातल में धकेल कर नीचा दिखाया जा सके।

हमारी संस्कृति ही नहीं बचेगी तो तो हमारे राष्ट्र का और आने वाली पीढ़ियों का दुर्गुणों से विनाश होने से कोई बचा नहीं सकता है। अभी समझे कि संस्कृति क्या है और इसे बचाना क्यों जरूरी है। यह हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है। हमें चाहिए अश्लीलता और नग्नता मुक्त समाज अपनी नष्ट हो रहे सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करें। बॉलीवुड की अश्लीलता, नग्नता और गाली गलौज से भरी फिल्मों और वेब सीरीज का बहिष्कार करें।

अश्लील गाना एवं अश्लील फिल्मों का बहिष्कार करें। सोशल मीडिया में ट्वीटर, फेसबुक आदि ऐसे प्लेटफार्म हैं जिसके माध्यम से लोग अपने विचार, अभिव्यक्ति के साथ किसी महत्वपूर्ण जानकारी का प्रेषण करते हैं। किन्तु वर्तमान में इन प्लेटफार्मो में अश्लील, आपत्तिजनक व नग्नता पूर्ण मैसेज व विज्ञापन की भरभार होने के साथ जुए जैसे खेलों को खेलने के लिए प्रोत्साहित कर सामाजिक प्रदूषण फैलाया जा रहा है। हमारे नौनिहाल, बहन बेटी भी इन प्लेटफार्मो का बहुतायत उपयोग करते है। इस प्रदूषण पर अंकुश लगवाने के लिए सभी को सोचना होगा और खुद पहल करनी होगी। आज चेतना चाहिए नहीं तो कल रास्तों में होगा नंगा नाच। आप देश का भविष्य हो, कठपुतली मत बनो।

स्वच्छंदता के नाम पर फूहड़ता सोशल मीडिया के इस दौर में अपने चरम पर है। हमारी संस्कृति में स्त्री को धन की संज्ञा से नवाजा गया वो भी बहुमूल्य न कि टके बराबर। इसलिए राजदरबारो में होने वाले मुजरे भी चारदीवारो के अंदर ही होते थे। सत्य यह है की अश्लीलता को किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता। ये कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों की तरफ ले जाने वाली एक नशे की दुकान है और इसका उत्पादन आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्त्री समुदाय के साथ मिलकर कर रहा है। मस्तिष्क विज्ञान के अनुसार 4 तरह के नशों में एक नशा अश्लीलता से भी है।

आचार्य कौटिल्य ने चाणक्य सूत्र में वासना को सबसे बड़ा नशा और बीमारी बताया है। यदि यह नग्नता आधुनिकता का प्रतीक है तो फिर पूरा नग्न होकर स्त्रियां पूर्ण आधुनिकता का परिचय क्यों नहीं देती? गली- गली और हर मोहल्ले में जिस तरह शराब की दुकान खोल देने पर बच्चों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है उसी तरह अश्लीलता समाज में यौन अपराधों को जन्म देती है। इसको किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता है। विचार करिए और चर्चा करिए या फिर मौन धारण कर लीजिए।

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

# धूप में बाप और चूल्हे में मां जलती है, तब कहीं जा कर ये औलाद पलती है : अनय मित्तल

## रोटरी क्लब ने स्कूली बच्चों के लिए 'नशा मुक्त भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** रोटरी क्लब हिसार द्वारा स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवम्बर को सनसिटी मॉल के प्रांगण में किया गया। रोटरी क्लब हिसार के प्रधान योगेश मित्तल व प्रोजेक्ट चेयरमैन अनय मित्तल ने बताया कि रोटरी हिसार के सदस्य, गत दो महीने से नशे के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए, नगर के स्कूलों में जा कर बच्चों को 'नशा मुक्त हो देश हमारा' अभियान के तहत नशे के खिलाफ प्रेरित कर रहे थे व इसी अभियान पर बच्चों की भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें प्रशंसा-पत्र से समानित भी किया गया। इस अभियान में सभी विद्यालयों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी अभियान के तहत सभी युवाओं को आजीवन नशामुक्त रहने की प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई। इन भाषण प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों की सनसिटी मॉल में प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें नगर के लगभग 15 स्कूलों के 30 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। डिस्ट्रिक्ट सेशन जज दिनेश मित्तल, एवम उनकी धर्मपत्नी नेहा मित्तल भी इस अभियान से खुश होकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन करने कार्यक्रम में उपस्थित हुए। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने इस प्रोग्राम को ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से अपना समय दिया। इस मौके पर रोटरी के सभी सदस्य, तथा सभी स्कूल प्रिंसिपल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार मित्तल जिला सत्र न्यायाधीश ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य और नींव है। यदि हमारी यह नींव अच्छे संस्कारों, शिक्षा व अच्छे गुणों से मजबूत होगी तो देश का भविष्य अपने आप सुनहरा होगा। ए डी जी पी श्रीकांत जाधव ने विजेता बच्चों को अपने कार्यालय में सम्मानित करने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन अनय मित्तल ने बच्चों को जीवन में परिवार का महत्व समझाते हुए कहा की,मां और बाप को सर्वोपरि समझना चाहिए, और उनके द्वारा प्रदान किए गए जीवन को किसी भी सूरत में नशे जैसी बुराई से दूर रखना चाहिए। उन्होंने परिवार को लेकर एक अत्यंत भावपूर्ण कविता 'धूप में बाप और चूल्हे में मां जलती है, तब कहीं जा कर ये औलाद पलती है' सब बच्चों को सुनाई। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अद्वित जिंदल, द आर्यन स्कूल प्रथम, लावन्या यश, सुखराम मैमोरियल स्कूल दूसरे स्थान पर तथा हरलीन, श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में पुण्य रचना ,ओ.पी. जिंदल मॉडर्न स्कूल प्रथम, निखिल पूनिया आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल व नित्यांत, द आर्यन स्कूल द्वितीय रहे तथा पुनीता, ठाकुर दास भार्गव सी.सै. स्कूल तृतीस स्थान पर रहे। इस अवसर पर द आर्यन स्कूल के बच्चों ने बहुत उत्तम नृत्य का प्रदर्शन कर सब दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर रोटरी क्लब प्रधान योगेश मित्तल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिता भंडारी, उप प्रधान अश्विनी गर्ग के अलावा अपने सभी रोटेरियन सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे। इनके इलावा शहर के गणमान्य व्यक्ति भी मोजूद रहे।

## एल. डी. एस. डी. पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 28 नवम्बर :** स्थानीय एल. डी. एस. डी. पब्लिक स्कूल शाखा पी. सी. एस. डी. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें हाँसी के एसडीएम श्री मोहित मेहराना जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। गोवर्नमेंट कॉलेज बरवाला के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ श्री रमेश आर्य, सेंटर फॉर रिसर्च ओन एक्रिनस् से डॉ मीनाक्षी, गुजवि से गुरप्रीत कौर सैनी, समाजसेविका अनिता जैन ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। विद्यालय संस्था के चीफ पेटरन श्री सतपाल खांडेवाला ने प्रोग्राम मे अपनी गरिमामई उपस्थिति से मुख्य भूमिका निभाई। एसडीएम श्री मोहित ने अपने वक्तव्य मे बताया की विद्यार्थी अपने माता पिता से भी उच्च स्थान अपने अध्यापको को देते हैं और वो अध्यापक ही है, जो सही मार्ग दर्शन से विद्यार्थियों को ऊंचाइयों तक पहुँचाते है। विद्यालय प्रबंधन कमेटी के सचिव व प्रसिद्ध समाजसेवी श्री ओम कुमार गर्ग जी ने वार्षिक खेल दिवस के सफल आयोजन की बधाई दी। विद्यालय डायरेक्टर श्रीमती गुंजन गोयल ने बताया कि हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ खेल व् अन्य एक्टिटीज पर भी ध्यान दिया जाता है। इस अवसर पर पी. सी. एस. डी. स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती उर्मिला, संस्था के कैशिअर श्री अमित बंसल, विद्यालय स्टाफ व बच्चों के माता पिता उपस्थित रहे।

## सर्वेश हेल्थ सिटी ने गुरपर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में लगाया निशुल्क चिकित्सा कैंप




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** सेक्टर 14 स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी ने गुरुपर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सामान्य, स्त्री रोग, बाल रोग व चर्म रोग चिकित्सा कैंप लगाया, जिसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर ज्योत्सना कामरा स्त्री रोग विशेषज्ञा, डॉक्टर मनु सिद्धार्थ बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ शुभानी सैनी चर्म रोग विशेषज्ञा व डॉ अमित सामान्य रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी। कैंप में 150 से अधिक मरीजों की जांच की गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कैंप के सफल आयोजन के लिए सर्वेश हेल्थ सिटी का धन्यवाद कहा तथा भविष्य में भी इस तरह के कैंप लगाते रहने का आग्रह किया।

## जाट शिक्षण संस्था ने मनाई सेठ छाजू राम की जयंती, जाट कॉलेज में किया हवन यज्ञ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** जाट शिक्षण संस्था हिसार ने सेठ छाजू राम की 158वीं जयंती हवन-यज्ञ के साथ मनाई। इस अवसर पर जाट कॉलेज के परिसर में हवन किया गया जिसमें जाट शिक्षण संस्था से संबंधित सभी शिक्षण संस्थाओं के प्रिंसिपल, मैनेजमेंट व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे जिन्होंने यज्ञ में आहुति डाली। हवन से पूर्व सी आर लॉ कॉलेज व जाट कॉलेज स्थित सेठ छाजू राम की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर जाट शिक्षण संस्था के प्रधान अजमेर ढांडा ने कहा कि सेठ छाजू राम बड़े दानी और समाजसेवी थे जिन्होंने समाज में शिक्षा के महत्व को समझते हुए शिक्षण संस्थाओं के लिए जमीन दान दी और शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की। आज उन्हीं का लगाया हुआ पौधा जाट शिक्षण संस्था वट वृक्ष बन चुका है और जाट शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा पाकर युवा अपना भविष्य उज्ज्वल बना रहे हैं। उनकी जयंती पर हम संकल्प लेते हैं कि सेठ छाजू राम ने जिन आदर्शों और मूल्यों को लेकर जाट शिक्षण संस्था की स्थापना की थी उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चलकर इसे नई ऊंचाईयों पर लेकर जाएंगे। इस अवसर पर प्रधान अजमेर ढांडा के अलावा दिलदार पूनिया उपप्रधान, सागर सिवाच कोषाध्यक्ष, एग्जिक्यूटिव मैंबर शीशपाल लोहान व हर्ष बामल, जाट कॉलेज प्रिंसिपल नीलम लांबा, सी.आर. लॉ कॉलेज प्रिंसिपल के.के. काजल, सी.आर. पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल सुषमा गोदारा, बी.एड. कॉलेज प्रिंसिपल उर्मिल मलिक, जाट स्कूल प्रिंसिपल रमेश कुमार सहित सभी कॉलेज व स्कूल की मैनेजमेंट, छात्र-छात्राएं व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## महालक्ष्मी वरदान पर्व पर 18 कुंडीय महायज्ञ 24,25,26 दिसंबर को होगा अग्रोहा शक्तिपीठ पर : विपिन गोयल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा पितृ भूमि अग्रोहा शक्तिपीठ में आयोजित कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी वरदान दिवस के शुभ अवसर पर 18 कुंडिय महायज्ञ 24 से 26 दिसंबर को किया जा रहा है। दक्षिण भारत के प्रकांड विद्वान ब्राह्मणों एवं आचार्य द्वारा सवा करोड़ मंत्रों की आहुति से महालक्ष्मी जी का पूजन किया जायेगा। प्रदेश प्रवक्ता विपिन गोयल छानीवाला ने बताया की अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के नेतृत्व में यह यज्ञ मानवता के कल्याण के लिए, विश्व शांति के लिए व अग्रोहा को तीर्थ स्थल बनाने के लिए किया जा रहा है। देश भर से अग्र बंधु यज्ञ में अपनी आहुति देने के लिए अग्रोहा शक्तिपीठ पहुंचेंगे। विपिन गोयल ने बताया की कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से चल रही है, यज्ञ मंडप तैयार हो रहा है, आने वाले यात्रियों के लिए खाने-पीने और रहने की व्यवस्था का उचित इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि 24 दिसम्बर को पूरे देश से आई हुई महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा रामजी दास बाजोरिया के प्राचीन मंदिर से अग्रोहा शक्तिपीठ तक निकाली जाएगी और अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलित कर यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा, 25 दिसंबर को महालक्ष्मी जी का 108 द्रव्यों से अभिषेक किया जाएगा और 26 दिसंबर को यज्ञ की पूर्णाहुति, तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया है।देशभर के संत समाज, राजनेताओं के साथ-साथ समाज के सभी आम व बड़े उद्योगपतियों को भी निमंत्रण दिया गया है और समाज से आह्वान भी किया इस महायज्ञ में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर पुण्य के भागी बनें।






## विश्वास हॉस्पिटल द्वारा हरिकोट में आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर का 140 लोगों ने उठाया लाभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** स्वास्थ्य के प्रति सजग करने के लिए विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव हरिकोट में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। हरिकोट के श्री हनुमान मंदिर में आयोजित किए गए इस शिविर का गांव हरिकोट व आसपास के क्षेत्रों के 140 लोगों ने लाभ उठाया। विश्वास अस्पताल के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की न केवल निशुल्क नेत्र जांच की गई बल्कि उन्हें उचित परामर्श व यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई।आजाद नगर के विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सामाजिक सरोकारों से जुड़कर स्वास्थ्य की अलख जगाने की मुहिम शुरू की हुई है। इसी मुहिम के तहत समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क नेत्र जांच व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में हरिकोट में निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विश्वास अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी प्रणय अग्रवाल ने बताया कि प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. सज्जन सिंह के आदर्शों पर चलते हुए विश्वास अस्पताल में सामान्य रोग, कान, नाक व गला रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, स्किन रोग व मनोरोग सहित विभिन्न रोगों के इलाज की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत विश्वास अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन व इलाज की समुचित व्यवस्था है। इसलिए कोई भी आयुष्मान कार्ड धारक विश्वास अस्पताल में इस योजना का लाभ ले सकता है।


**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स
व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक,
बड़वाली ढाणी,
निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000





## कार्तिक मास आध्यात्मिक एवं शारीरिक ऊर्जा संचय के लिए सर्वश्रेष्ठ : पुरुषोत्तम जोशी

### श्री विष्णु भगवान मंदिर में पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण जी की कथा का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 28 नवम्बर :** चौपटा बाजार स्थित विष्णु भगवान मन्दिर ट्रस्ट द्वारा पावन कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्री सत्यनारायण भगवान जी की कथा का आयोजन मन्दिर प्रांगण हाँसी में किया गया। कथा में मंदिर समाजसेवी सज्जन गोयल महमिया के पुत्र अमन गोयल अपनी पत्नी उपासना गोयल सहित मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। श्री विष्णु भगवान मन्दिर के पुजारी एवँ कथा वाचक पंडित पुरुषोत्तम जोशी ने श्री सत्यनारायण भगवान जी की कथा करते हुए सर्वप्रथम कार्तिक पूर्णिमा की महत्ता बताते हुए कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दौरान धार्मिक कार्य और अनुष्ठान करना बेहद शुभ माना जाता है। कार्तिक माह के दौरान स्नान करना 100 अश्वमेध यज्ञ करने के बराबर माना गया है। वर्ष के बारह मासों में कार्तिक मास आध्यात्मिक एवं शारीरिक ऊर्जा संचय के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। श्री सत्यनारायण कथा के पश्चात खीर के प्रसाद का वितरण भी किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल, प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, पुर्व नायब तहसीलदार अमरनाथ, प्रवीण सहारा, मंजीत जांगड़ा, राजेश सिंगला, सोनू सिंदवानी, सर्वेश शर्मा, संजय जैन, निधि गोयल, मधु बंसल, प्रेम लता, गंगा देवी, ज्योति शर्मा, कविता शर्मा, निर्मल सोनी, शान्ति जोशी व वासु जोशी सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

## हरियाणा में किसानों को बिजली तीन सौ यूनिट फ्री दी जानी चाहिए : दलजीत पंघाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** भारतीय किसान संघर्ष समिति पंघाल गुट के अध्यक्ष दलजीत पंघाल ने कहा कि एक दिसंबर को हिसार में किसान चौक पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें अलग अलग किसान संगठन व छतीस बिरादरी के लोग शामिल होंगे। पंघाल ने तोशाम रोड़ स्थित शाश्वतम् पैलेस हिसार में प्रैस वार्ता ने कहा कि संघर्ष समिति का धरना पिछले कई दिनों से लगातार किसान चौक चल रहा है किसान चौक का नाम बदला नही जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुखय मंत्री चौधरी स्व. भजनलाल की वे दिल से कदर करते है चौधरी भजनलाल का नाम किसी बडे अस्पताल, बड़े पार्क, किसी बडे सरकारी संस्थान के नाम से चौ. भजनलाल का नाम रखना चाहिए। किसान चौक का नाम बदला नही जाना चाहिए। भारतीय किसान सघर्ष समिति पंघाल गुट के अध्यक्ष दलजीत पंघाल ने कहा कि आज किसान मजदूर आर्थिक मंदी के कारण आत्म हत्याएं कर रहे हैं ऐसे में सरकार को उनके कर्जे माफ किए जाने चाहिए। दलजीत पंघाल ने कहा कि दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश राजस्थान में तीन सौ यूनिट बिजली निशुल्क दी जा रही है इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार को भी तीन सौ यूनिट बिजली निशुल्क दी जानी चाहिए। उन्होने कहा कि कहा कि हिसार के उद्योगित पति के सरकार ने पांच हजार करोड़ रुपये माफ किए है ऐसे में सरकार को किसानों व्यापारियों दुकानदारों के कर्ज भी सरकार को माफ करने चाहिए।

# वेद के मंत्रों में असीम शक्ति है : आचार्य सत्यकाम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर (देवेन्द्र उप्पल) :** दयानंद ब्राह्म महाविद्यालय में आज साप्ताहिक सत्संग के अवसर पर आचार्य प्रो. सत्यकाम ने वेद का एक मंत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि '' आजकल देखने में आता है कि समाज में राक्षसी प्रवृत्ति के लोग बढ़ रहे हैं। हिंसक वृत्ति के लोग आमजन को हानि पहुंचाने में लगे हुए हैं। ऐसी स्थिति में प्रभु के उपासकों को ऋग्वेद के इस मंत्र का सहारा लेना चाहिए, जिसमें परमात्मा को ऐसी प्रवृत्ति के लोगों से रक्षा करने की प्रार्थना की गई है। वेद के मंत्रों में असीम शक्ति है और सामूहिक प्रार्थना शीघ्र फलित होती है।'' इस अवसर पर जी.एस.टी. कमिश्नर श्री कृष्ण कुमार मुख्य यजमान थे। सर्वश्री सत्यकाम आर्य, सत्यपाल अग्रवाल, राजेश जैन, रतन बंसल, सुशील तनेजा, पतंजलि के राज्य प्रभारी ईश आर्य, चन्द्रभान गांधी ने भी हवन-यज्ञ में भाग लिया और प्राचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी ने सभी यजमानों का आभार व्यक्त किया और महाविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। श्री सत्यपाल अग्रवाल ने मुख्य यजमान की धर्म पारायण की प्रशंसा की।

# हकृवि में रक्तदान शिविर कल, पोस्टर मेकिंग के जरिए विद्यार्थी करेंगे रक्तदान करने के लिए प्रेरित

## रक्तदान शिविर इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में सुबह 9 बजे आरंभ होगा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 29 नवंबर को एक दिवसीय रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि के रूप में रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल मौजूद रहेंगे। इस रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत यूथ रेडक्रॉस और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में सुबह 9 बजे आरंभ होगा, जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी हिस्सा लेंगे और स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। यूथ रेडक्रॉस के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ. चंद्रशेखर डागर व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान महादान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्वविद्यालय व इससे जुड़े महाविद्यालयों और कैंपस स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं, निदेशकों एवं विभागों व अनुभागों के अध्यक्षों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, शिक्षकों, गैरशिक्षकों सहित विद्यार्थियों को इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान देने के लिए आह्वान किया।

# आजाद नगर निवासी सुविधाओं से वंचित : प्रो. सम्पत सिंह

## कहा- पिछले 10 सालों में सरकार ने इस क्षेत्र के विकास की तरफ से ऑखें मूंद ली




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि आज आजाद नगर अव्यवस्थाओं से घिर चुका है। आजाद नगर में आज के दिन लगभग पचास हजार की आबादी। जब वो 2009 में यहां से विधायक चुने गए तो तब आजाद नगर की लगभग 50 कॉलोनियां आबाद थी। परंतु आबादी उस समय लगभग पच्चीस हजार की थी और सुविधाओं के मामले में बिल्कुल वंचित था। उन्होंने विधायक रहते हुए आजाद नगर की हर समस्या का समाधान जैसे जलघर व पानी की पाईप लाईनें, सीवरेज व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पक्की गलियां, बिजली का प्रबंध, चार सामूदायिक भवन, पार्क, दमकल केन्द्र, अस्पताल, डाक खाना आदि बनाकर आजाद नगर को तमाम समस्याओं से निजात दिला दी थी। लेकिन पिछले 10 साल में यहां कॉलोनियों की संख्या 70 हो चुकी है। जिसकी वजह से आज क्षेत्रफल व आबादी बढ़ने के कारण आजाद नगर के निवासियों को हर तरफ से परेशानी झेलनी पड़ रही है और पिछले 10 सालों में सरकार ने इस क्षेत्र के विकास की तरफ से ऑखें मूंद ली। आज आजाद नगर की हर गलियों में और लोगों के घरों के सामने सीवरेज व पानी की लाईनें टूटने की वजह से गंदगी फैली हुई है और हर घर इसकी दुर्गंध से पीड़ित है। लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है जिसकी वजह से लोग बीमारी से ग्रस्त होते जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत यहां की सीवरेज व पानी की लाईनों को आबादी के अनुसार दोबारा बड़ी लाईनें बिछाने की जरूरत है ताकि यहां की जनता को गंदगी से निजात व शुद्ध पानी उपलब्ध हो सकें।

# जिले में पंचायतों के हर लाभार्थी व छूट गए पात्रों तक पहुंचेगी यात्रा : कैप्टन भूपेंद्र

## जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने के लिए 30 नवम्बर से निकाली जाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में सांसद विधायक, मेयर एवं जिला परिषद चेयरमैन शामिल होंगे



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने के लिए 30 नवम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। जिले में यात्रा की तैयारियां जोरों पर शुरू कर दी गई है।

यात्रा की तैयारियों व इसमें कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी तय करने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की गई और पदाधिकारियों को यात्रा से संबंधित जिम्मेदारी भी दी गई। यात्रा के लिए जिला संयोजक की जिम्मेदारी जिला सचिव संजय सूरा व सह संयोजक जिम्मेदारी जयप्रकाश को दी गई है। जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने बताया कि हरियाणा में शुरू होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। यात्रा हरियाणा की 6223 पंचायतों में जाएगी। इस यात्रा में सांसद, विधायक, मेयर, एवं जिला परिषद चेयरमैन भी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा में इस यात्रा को विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का नाम दिया गया है। यात्रा का उद्देश्य मोदी-मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। देश और प्रदेश का कोई पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित ना रहे, इसके लिए लगभग तीन वैन गांवों में जाएंगी जो कि 60 दिनों में जिले के पूरे गांव में घूमेंगे।

कैप्टन भूपेंद्र, वीरचक्र ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य केंद्र और राज्य की योजनाओं से हर एक व्यक्ति को जोड़ना है। साढ़े नौ वर्षो में मोदी सरकार और नौ वर्षो में मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं अगर कोई व्यक्ति उनसे छूट गया है तो उन्हें योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित करना है। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। यह यात्रा प्रदेश में 60 दिनों तक चलेगी। जिला अध्यक्ष ने मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के सामने रखा जाएगा। एलईडी युक्त वैन में सभी योजनाओं को दिखाया जाएगा। एक दिन में दो कार्यक्रम होंगे।

पार्टी जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल योजनाबद्ध तरीके से काम करते हैं। इसी का परिणाम है कि भाजपा सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर उतरी है। आगामी 2024 चुनाव में भाजपा नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार चुनाव जीतेगी और केंद्र तथा राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया व प्रवीण पोपली, उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई, जिला मंत्री रणधीर सिंह धीरू, देवेंद्र शर्मा देव, कृष्ण खटाना जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा, सोशल मीडिया से अनिल केरों, आईटी प्रमुख रविन्द्र रॉकी, सभी मंडलों के मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# द ई 5 महिला महाविद्यालया गढ़ी हांसी में संविधान दिवस मनाया गया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 28 नवम्बर :** द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी में संविधान दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य संविधान के विषय में नागरिकों को जागरूक करना था। संविधान दिवस के अवसर पर कॉलेज मे संविधान की प्रस्तावना का पाठ तथा प्र्शनोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की आठ टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम की छात्राओं को समानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम प्रताप ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान अपने आप में बेजौड़ एवं अद्भुत है और प्रत्येक भारतीय को इसे एक बार अवश्य पढ़ना चाहिए। इससे न सिर्फ उन्हें अपने कर्तव्यों और अधिकारों को जानने का अवसर मिलेगा बल्कि अपने जीवन की हर समस्या का समाधान भी वे कर पायेंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर किरण चहार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे व कार्यक्रम को सफल बनाया।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की एन एस एस यूनीट द्वारा एक दिवसीय शिविर लगाया गया। इस शिविर का आरंभ सभी स्वयंसेविकाओं ने एक साथ सूर्य नमस्कार की गतिविधि में हिस्सा लेकर किया।इसके बाद एन एस एस स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया जिसके अंतर्गत उन्होंने महाविद्यालय में सफाई की व पौधों की क्यारियाँ बनाई। इस शिविर के माध्यम से एन एस एस प्रभारी श्रीमती ज्योति वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने गांव भिवानी रोहिल्ला में घर घर जाकर लोगों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान व डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने एन एस एस छात्राओं द्वारा इस शिविर में किए गए कार्यो की सराहना की और कहा कि एन एस एस के माध्यम से हम निस्वार्थ भाव से किसी की सहायता करना सीखते है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने बताया कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए जागरूक करना है।

# साढ़े पांच महीने के हिसार प्रवास के बाद जैन संतों ने किया विहार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** एस.एस. जैन सभा के तत्वाधान में पीएलए स्थित जैन स्थानक में लगातार साढ़े पांच महीने के प्रवास के बाद आज जैन संतों संघ दीपक अजय मुनि, दिनेश मुनि महाराज व विनीत मुनि महाराज ने विहार कर लिया। जैन संत यहां से विहार करके दिल्ली की ओर गये हैं। जैन सभा के प्रवक्ता ने बताया कि रात्रि विश्राम सेक्टर 33 में करने के बाद आज सुबह तीनों संतों ने आगामी स्थान के लिये पद यात्रा शुरु की। 3 दिसम्बर को जैन संत गांव बिठमड़ा, 10 दिसम्बर को उचाना व 12 दिसम्बर को अपने पैतृक गांव कोथकलां पहुंचेंगे। 17 तारीख को जींद होते हुए दिल्ली जाएंगे। गौरतलब है कि जैन संत हिसार प्रवास के लिये दिल्ली से ही आये थे और अब अध्यात्म की गंगा बहाने के बाद दिल्ली के लिये रवाना हुए। हिसार में रहते हुए उन्होंने नगर वासियों पर प्रवचनों की खूब कृपा बरसाई। अपने प्रवास के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर ज्ञान की गंगा बहाई। लोगों ने श्रद्धापूर्वक उनका स्वागत किया। इस प्रवास के दौरान हजारों लोगों ने जैन संतों के दर्शन कर उनका अशीर्वाद लिया।

# मॉडर्न डिफेंस स्कूल में अंतर्विद्यालय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

## ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल प्रथम व मॉडर्न डिफेंस स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** कैमरी रोड स्थित मॉडर्न डिफेंस स्कूल में अंतर्विद्यालय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं को 9 ग्रुपों में बांटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। सभी ग्रुप की छात्राओं ने त्योहारों की थीम लेकर समाज को त्योहारों से जोड़ते हुए रंगोली का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, मॉडर्न डिफेंस स्कूल द्वितीय तथा डीएवी स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय प्रबंध कमेटी ने विजेताओं को पुरस्कार दिए व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएवी स्कूल की डायरेक्टर सुनीता बहल निर्णायक मंडल के रुप में उपस्थिति रही। स्कूल की प्राचार्य सीमा चौहान ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों की कलात्मक प्रतिभा उभर कर सामने आती है। समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन होता रहना चाहिए। स्कूल की डायरेक्टर मीना गर्ग ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# HiDM डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार फेस्ट 2023–''AI SEO Tools SEO को सुव्यवस्थित करते हैं और वेबसाइट की रैंकिंग बढ़ाते हैं'' : संचित सिंघल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** HiDM का डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार फेस्ट 2023 का तीसरा चरण 3 नवंबर को शुरू हो गया है। हर साल, संस्थान के छात्रों द्वारा HiDM सेमिनार फेस्ट का आयोजन किया जाता है। इस उत्सव में, डिजिटल मार्केटिंग के छात्र अपने गुरु, एर मनमोहन सिंगला (डिजिटल मार्केटिंग कोच) के मार्गदर्शन में डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न विषयों पर सेमिनार प्रस्तुत करते हैं। किसी वेबसाइट की रैंकिंग के लिए टॉप AI SEO Tools विषय पर सेमिनार का संचालन संचित सिंघल द्वारा किया गया। प्रस्तुतकर्ता ने बताया कि AI Google जैसे प्रमुख सर्च इंजन एल्गोरिदम का एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है। AI का सर्च इंजनों पर और इस प्रकार आपकी वेबसाइट के SEO पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, AI आपके आपकी वेबसाइट की सामग्री को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जाए और अनुसंधान और पाठ निर्माण को तेजी से कैसे बनाया जाए पर भी ध्यान केन्द्रित करता है। उनके द्वारा Top 10 AI SEO टूल के बारे में भी बताया गया। अंत में, एक संक्षिप्त प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया जिसमें छात्रों ने अपने संदेह पूछे और मेजबान संचित ने उनका समाधान किया। HiDM का डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार फेस्ट डिजिटल मार्केटिंग छात्रों के लिए डिजिटल मार्केटिंग से परे कुछ नया सीखने का एक अवसर है। मेंटर और डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनर Er. मनमोहन सिंगला भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजिटल मार्केटिंग पेशेवरों में से एक हैं, जो छात्रों को न केवल डिजिटल दुनिया के लिए बल्कि कॉर्पोरेट दुनिया में अपना नाम अपना नाम बना सके इसके लिए भी तैयार करते हैं।

# भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश कौशिक के निधन पर शोक जताया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 नवम्बर :** भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने समिति के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश कौशिक खेरी वाले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वे 74 वर्ष के थे तथा अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा व अन्य सदस्यों ने उनके निवास स्थान न्यू ऋषि नगर नजदीक बालाजी चौक (चेतना स्कूल के पास) पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये व उनके द्वारा समिति को समय-समय पर दिये गये योगदान को याद किया। शर्मा ने कहा कि उनके जाने से जो समाज को क्षति हुई है, उसे पूरा नहीं किया जा सकता। शर्मा ने बताया कि एक दिसम्बर को सत्संग उपरांत दोपहर एक बजे उनके निवास स्थान न्यू ऋषि नगर नजदीक बालाजी चौक (चेतना स्कूल के पास) हिसार में शोक सभा होगी।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

